संख्या-02/2016/113एस0ची0उ0अनु0-1/16-2511/2013

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

गन्ना एवं चीनी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 05 फरवरी, 2016

विषय:-पेराई सत्र 2015-16 में क्रय किये गये गन्ने की कुल मात्रा पर दिये गये सोसायटी कमीशन की चीनी मिलों को प्रतिपूर्ति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पेराई सत्र 2015-16 में चीनी उद्योग की विषम परिस्थितियों को देखते हुए किसानों के हित में लिये गये निर्णय के अनुसार पेराई सत्र 2015-16 में क्रय किये गये गन्ने की कुल मात्रा पर दिये गये सोसायटी कमीशन की दर रू0 3.00 प्रति कुन्तल होगी।

2- चीनी मिलों द्वारा सहकारी गन्ना विकास समितियों को उक्त सोसायटी कमीशन के भुगतान किये जाने के आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराते हुए प्रतिपूर्ति का दावा पूर्ण विवरण सहित त्रैमासिक आधार पर प्रस्तुत किया जायेगा। गन्ना आयुक्त द्वारा इन दावों का परीक्षण कर सहकारी गन्ना विकास समितियों को सोसायटी कमीशन का भुगतान सुनिश्चित होने पर ही प्रतिपूर्ति पर विचार किया जायेगा। इस हेतु आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि गन्ना आयुक्त/चीनी आयुक्त के निवर्तन पर रखी जायेगी।

3- उपरोक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-55/दस-2016, दिनांक 03 फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राहुल भटनागर)
प्रमुख सचिव।

संख्या-02/2016/113(1)एस0ची0उ0अनु0-1/16-2511/2013, तद्-दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा हकदारी) तथा लेखा परीक्षा-1/2, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश (उन जनपदों में जहाँ चीनी मिलें स्थित हैं)
4 प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल संघ लि0/ उ0प्र0 राज्य चीनी निगम लि0, लखनऊ।
5- समस्त उप गन्ना आयुक्त/उप चीनी आयुक्त, उ0प्र0।
6- समस्त जिला गन्ना अधिकारी, उ0प्र0।
7- चीनी उद्योग अनुभाग-2/3
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिव शंकर द्विवेदी)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in